web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 20 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 24

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की बड़ी कार्यवाई, आईएएस अधिकारी हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव को किया गिरफ्तार

**पटना (आरएनएस)।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी की टीम ने संजीव हंस को पटना स्थित उनके सरकारी आवास गिरफ्तार किया है। वहीं, गुलाब यादव को दिल्ली के एक रिसॉर्ट से गिरफ्तार किया है। संजीव हंस 1997 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। सूत्रों के अनुसार संजीव हंस ने पंजाब के मोहाली और कसौली में करोड़ों की बेनामी संपत्ति खरीद रखी है, उन्हें ईडी ने करोड़ों की संपत्ति अर्जित करने के मामले में ही अरेस्ट किया है। संजीव हंस के साथ जिन गुलाब यादव की गिरफ्तारी हुई है, वह दिल्ली में उनके करीबी सहयोगी रहे हैं। ईडी ने बिहार स्पेशल विजिलेंस यूनिट के साथ जो जानकारी साझा की है, उसके मुताबिक 14 सितंबर को मामला दर्ज किया गया था। अधिकारियों की एक टीम केंद्रीय जांच एजेंसियों की जानकारी की जांच कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा,'एफआईआर में हंस, यादव और उनके परिवार के सदस्यों सहित करीब 14 लोगों को आरोपी बनाया गया है। गहन पूछताछ के लिए उनकी हिरासत की भी मांग करने वाली है।' हंस को उनके खिलाफ ईडी की छापेमारी के बाद अगस्त में राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग में स्थानांतरित कर दिया गया था. इससे पहले एजेंसी बिहार कैडर के आईएएस अधिकारी संजीव हंस और पूर्व आरजेडी विधायक गुलाब यादव के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के दौरान बिहार, दिल्ली और पुणे में कई ठिकानों पर छापे भी मार चुकी है।

### 11 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला, रेमो डिसूजा और उनकी पत्नी समेत 7 लोगों पर एफआईआर

**मुंबई (आरएनएस)।** बालीवुड के मशहूर डांसर रेमो डिसूजा समेत 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उनके ऊपर आरोप है कि उन्होंने एक डांस ग्रुप के साथ 11.96 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है। महाराष्ट्र के ठाने में रेमो, उनकी पत्नी लिजेल और पांच दूसरों लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने 19 अक्टूबर को इस बारे में जानकारी दी है। 26 साल के एक डांसर ने उनके खिलाफ ये मामला मीरा रोड पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाया है। रेमो और उनकी पत्नी के अलावा जिन दूसरे पांच लोगों पर आरोप लगा है कि उनमें एक पुलिसकर्मी भी शामिल है। वहीं बाकी चार लोगों के नाम ओमप्रकाश शंकर चौहान, रोहित जाधव, विनोद राउत और रमेशा गुप्ता है। प्राथमिकी के मुताबिक रेमो के खिलाफ जिसने शिकायत दर्ज करवाई है, उसके और उसके साथियों के साथ कथित तौर पर 2018 से 2024 तक धोखाधड़ी हुई। ये भी बताया गया कि ग्रुप ने एक टीवी डांस शो में परफॉर्म किया था और जीत भी दर्ज की थी। हालांकि, ये आरोप है कि रेमो समेत इन लोगों ने उस ग्रुप को अपना बताकर पेश किया था, लेकिन जब उस ग्रुप को जीत मिली और उन्हें कैश प्राइज मिला तो उनसे 11.96 करोड़ रुपये हड़प लिए गए। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। ये कोई पहली बार नहीं है जब रेमो का नाम इस तरह के विवादों से जुड़ा है। लगभग 8 साल पहले भी उनके खिलाफ 5 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ था।

## केदारनाथ धाम के कपाट तीन और बद्रीनाथ धाम के कपाट 17 नवंबर को होंगे बंद

### उत्तराखंड सरकार का ऐलान

**देहरादून । आरएनएस**



देवभूमि उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इस बीच उत्तराखंड सरकार ने शनिवार को चारों धामों के कपाट बंद होने की तारीखों का ऐलान कर दिया।

उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के मुताबिक, नवंबर में चारों धाम के कपाट बंद हो जाएंगे। पर्यटन मंत्री ने शनिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि एक नवंबर को गंगोत्री धाम के कपाट बंद होंगे। इसके अलावा यमुनोत्री धाम और केदारनाथ धाम के कपाट तीन नवंबर को बंद होंगे, जबकि तुंगनाथ धाम के कपाट चार नवंबर को और बद्रीनाथ धाम के कपाट 17 नवंबर को बंद होंगे।

उन्होंने कहा, जो भी श्रद्धालु चारों धाम के दर्शन करना चाहते हैं। उन्हें इन तारीखों से पहले दर्शन के लिए पहुंचना होगा। इसके बाद सभी मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि इस साल 10 मई को चारधाम यात्रा शुरू हुई थी। बीते दिनों केदारनाथ और बद्रीनाथ जाने वाले मार्गों पर बारिश ने तबाही मचा दी थी। इस वजह से श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

चारधाम यात्रा हर साल अप्रैल-मई में शुरू होकर अक्टूबर-नवंबर तक चलती है। चारधाम यात्रा पर जाने के लिए बायोमेट्रिक पंजीकरण आवश्यक होता है।

ज्ञात हो कि इस साल 30 सितंबर तक 37 लाख 91 हजार 205 यात्री चार धाम दर्शन को आ चुके हैं, जबकि बीते साल 56.13 लाख यात्री दर्शन के लिए पहुंचे थे। साल 2022 में यह संख्या 46.29 लाख और 2019 में 34.77 लाख थी। साल 2020 और 2021 में कोरोना संक्रमण के चलते यात्रा प्रभावित रही। इन दो वर्षों में यात्रियों की संख्या क्रमश: 3.30 लाख और 5.29 लाख रही थी।

## सड़क दुर्घटना में घायल सीआरपीएफ के एक जवान की इलाज के दौरान मौत

**श्रीनगर । आरएनएस**



जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में शुक्रवार को सडक़ दुर्घटना में घायल हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की शनिवार को अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को सडक़ हादसे में सीआरपीएफ के 19 जवान घायल हो गए थे। चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था, जिस कारण हादसा हो गया।

घायल जवान सीआरपीएफ की 181-एफ कंपनी के थे। हादसे की जानकारी मिलने पर बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा और घायलों को बडगाम जिले के चरार-ए-शरीफ कस्बे के अस्पताल में भर्ती कराया।

डॉक्टरों ने नौ घायल जवानों को श्रीनगर शहर के एसएमएचएस अस्पताल रेफर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि घायल जवानों में से एक ने आज अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वरिष्ठ अधिकारी घायल जवानों का हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है।

घाटी में तेज और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण सडक़ दुर्घटनाएं होती रहती हैं। शुक्रवार को श्रीनगर-लेह नेशनल हाईवे पर मम्मार इलाके में एक निजी कार को तेल टैंकर ने टक्कर मार दी थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए थे।

अधिकारियों ने बताया था कि निजी कार का चालक धीमी गति से चल रहे वाहनों की कतार को ओवरटेक कर रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक तेल टैंकर ने कार को टक्कर मार दी थी।

पुलिस ने घटना के संबंध में मामला दर्ज कर तेल टैंकर के चालक को हिरासत में ले लिया। कार में सवार अन्य दो घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां बाद में उन्हें छुट्टी दे दी गई।

## गोल्डन टेंपल में बुजुर्ग का आत्महत्या का प्रयास : श्रद्धालुओं के बीच मची अफरा-तफरी

**अमृतसर । आरएनएस**

अमृतसर के प्रतिष्ठित गोल्डन टेंपल में आज एक चौंकाने वाली घटना घटित हुई, जब एक बुजुर्ग श्रद्धालु ने गुरु राम दास जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर सरोवर में आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के समय वहां लाखों श्रद्धालु मौजूद थे, जो श्रद्धा से नतमस्तक हो रहे थे। अचानक, बुजुर्ग ने सरोवर में छलांग लगा दी, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई।

खुद को बचाने के लिए टास्क फोर्स और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने तुरंत कार्रवाई की। उनकी तत्परता से बुजुर्ग को जल से बाहर निकाला गया। इसके बाद, मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने उन्हें प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की और होश में लाने का प्रयास किया।

बुजुर्ग को गंभीर स्थिति में देखकर, पुलिस प्रशासन ने एम्बुलेंस बुलवाई और उन्हें अस्पताल भेजा, जहां उनका इलाज जारी है। हालांकि, अभी तक उनकी पहचान और आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। एसीपी जसपाल सिंह ने जानकारी दी कि बुजुर्ग फिलहाल कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं हैं। उनके नाम, पते और परिवार के बारे में जानकारी भी तब ही सामने आएगी जब वे होश में आएंगे।

यह घटना न केवल एक व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य की गंभीरता को उजागर करती है, बल्कि समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की आवश्यकता को भी दर्शाती है। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने आसपास के लोगों की मानसिक स्थिति पर ध्यान दें और जरूरत पडऩे पर मदद करने के लिए आगे आएं।

गोल्डन टेंपल में श्रद्धालुओं के बीच हुई यह घटना आज के दिन को यादगार बना गई है, और यह हमें सोचने पर मजबूर करती है कि हम मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के प्रति कितने संवेदनशील हैं।

## बिहार के बांका में कार ने श्रद्धालुओं को कुचला, 5 लोगों की मौत, गुस्साई भीड़ ने पुलिस वाहन में लगाई आग

**बांका । आरएनएस**



बिहार के बांका में तेज रफ्तार कार ने कई श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे में पांच श्रद्धालुओं की मौत हुई है जबकि करीब 10-11 लोग घायल हैं। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई गई है। इसलिए मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। घटना से गुस्साए लोगों ने एक पुलिस के वाहन में आग लगा दी और रोड पर हंगामा किया। सूचना मिलते ही जिले के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और भीड़ को शांत कराया।

**हादसे में करीब 11 लोग घायल**

एसडीएम अविनाश कुमार ने कहा कि हादसे की सूचना के बाद हम तुरंत मौके पर पहुंचे। घटना में करीब 10-11 लोग घायल हुए हैं और उनका इलाज चल रहा है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। स्थिति शांतिपूर्ण है और प्रशासन पूरा सहयोग कर रहा है। हम घटना की जांच करेंगे।

**गुस्साए लोगों ने पुलिस की गाड़ी में लगाई आग**

पुलिस ने कहा कि बांका जिले में शुक्रवार रात एक वाहन के कुचलने से पांच कांवरियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सभी कांवरिये सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर जैष्टगोरनाथ महादेव मंदिर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस वाहन को भी आग के हवाले कर दिया। हादसे की खबर पाकर मौके पर एसडीएम और पुलिस के बड़े अफसरों के साथ आसपास के थानों की पुलिस भी पहुंची और भीड़ को शांत कराया।

**यूपी में भी दो श्रद्धालुओं की मौत**

इस बीच, एक धार्मिक स्थल से लौट रही एक निजी बस की चपेट में आने से दो लोगों की जान चली गई और 20 अन्य घायल हो गए। यूपी के सिद्धार्थनगर के ढेबरुआ थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात बलरामपुर रोड पर अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी। सभी पीड़ित शोहरतगढ़ तहसील के महनकोला गांव के रहने वाले थे।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या करने वाले शूटर के फोन पर मिली विधायक की फोटो, पुलिस हैरान

**मुंबई । आरएनएस**

एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में पुलिस ने अभी तक नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक शूटर और फरार साजिशकर्ता शुभम लोनकर की तलाश जारी है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने शुभम लोनकर के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया है। मुंबई पुलिस को शक है कि वह नेपाल भाग सकता है। इस बीच बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में एक और खुलासा हुआ है। आरोपी स्नैपचैट एप के माध्यम से एक-दूसरे से बात करते थे।

**शूटर के फोन में मिली जीशान की फोटो**

मुंबई पुलिस हत्याकांड की गहनता से जांच कर रही है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग से कनेक्शन की भी पड़ताल की जा रही है। यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या सलमान खान की वजह से हत्याकांड को अंजाम दिया गया है? सूत्रों ने बताया कि एक शूटर के फोन पर बाबा सिद्दीकी के विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी की फोटो भी मिली है।

जीशान की यह फोटो शूटरों के हैंडलर ने स्नैपचैट से भेजी थी। हालांकि आरोपियों ने स्नैपचैट से संदेश को डिलीट कर दिया है। इस बीच जीशान सिद्दीकी ने अपने पिता की मौत का राजनीतिकरण नहीं करने की अपील की। इससे पहले शुक्रवार को उन्होंने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की।

बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद शुभम लोनकर ने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से हत्या की जिम्मेदारी ली थी। उसने हत्या के पीछे लॉरेंस बिश्नोई गैंग के होने की बात कही थी। पुलिस ने शुभम के भाई प्रवीण को गिरफ्तार कर लिया है। तीन महीने पहले बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश पुणे में रची गई थी। पुलिस के मुताबिक प्रवीण ने धर्मराज के माध्यम से शूटरों तक दो लाख रुपये की रकम पहुंचाई थी। आरोपियों ने कई बार बाबा सिद्दीकी की रेकी भी की थी।

### बाबा सिद्दीकी के बाद लॉरेंस बिश्नोई का अगला निशाना हों राहुल गांधी', मच गया बवाल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बारे में सोशल मीडिया पर विवादास्पद पोस्ट करने के आरोप में ओडिया एक्टर बुद्धादित्य मोहंती के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। एनएसयूआई की राज्य इकाई के अध्यक्ष उदित प्रधान ने 'कैपिटल' पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें विवादित पोस्ट साझा करने के लिए मोहंती के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। इस पोस्ट को अब हटा दिया गया है। प्रधान ने कहा, सोशल मीडिया पोस्ट में मोहंती ने कहा है कि एनसीपी (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का अगला निशाना कांग्रेस सांसद राहुल गांधी होने चाहिए। हम अपने नेता के खिलाफ ऐसी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं कर सकते। उन्होंने शिकायत के साथ पुलिस को सोशल मीडिया पोस्ट का स्क्रीनशॉट भी सौंपा। पुलिस ने बताया कि उन्हें शिकायत मिल गई है और वे इसकी जांच कर रहे हैं। मोहंती ने अपनी विवादित पोस्ट के लिए माफी मांगते हुए शुक्रवार को फेसबुक पर लिखा, राहुल गांधीजी के बारे में मेरी पिछली पोस्ट का उद्देश्य उन्हें निशाना बनाना, नुकसान पहुंचाना या किसी भी तरह से उनका अपमान करना नहीं था.. न ही उनके खिलाफ कुछ लिखना था.. अनजाने में अगर मैंने किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है.. तो मेरा यह इरादा नहीं था.. मैं तहे दिल से माफी मांगता हूं। कांग्रेस से राकांपा में शामिल हुए सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को मुंबई में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाबा सिद्दीकी हत्या मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने खुलासा किया है कि इस मामले में हाल में गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों ने हत्या के लिए 50 लाख रुपये मांगे थे।

## अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट में मिली बम की धमकी, मचा हड़कंप; जयपुर एयरपोर्ट पर हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**जयपुर । आरएनएस**




विमानों में बम की धमकी मिलने का सिलसिला जारी है। एक और इंटरनेशनल फ्लाइट में बम की धमकी मिलने के बाद उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। जानकारी के मुताबिक एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट संख्या आईएक्स-196 में बम की धमकी मिली। यह विमान दुबई से जयपुर आ रहा था। रात 12.45 बजे फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हडक़ंप मच गया।

रात 1 बजकर 20 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इस विमान में कुल 189 यात्री सवार थे। लैंडिंग के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे विमान की तलाशी ली। लेकिन जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया।

पिछले कुछ दिनों में भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित लगभग 40 उड़ानों को बम की धमकियां मिली थीं, हालांकि बाद में ये सभी झूठी साबित हुईं। नागर विमानन मंत्रालय, विमानन कंपनियों को मिल रहीं बम की झूठी धमकियों की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम लागू करने की योजना बना रहा है, जिसमें अपराधियों को 'नो-फ्लाई' सूची में डाला जा सकता है। इस सूची का मकसद उपद्रवी यात्रियों की पहचान करना और उन्हें विमान में चढऩे से प्रतिबंधित करना है।

## 'दिल्ली से पहले किसान के गांव पहुंचता है धुआं', पराली के मुद्दे पर किसानों के समर्थन में बोले सीएम मान

**चंडीगढ़ । आरएनएस**

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पंजाब के किसान पराली नहीं जलाना चाहते, किसान धान की खेती भी नहीं करना चाहते हैं परंतु वैकल्पिक फसल पर एमएसपी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार से पराली की समस्या के व्यावहारिक समाधान के रूप में किसानों के लिए मुआवजे की मांग की, जो फसल खरीद का एक विकल्प हो सकता है।

भगवंत मान ने कहा कि जब धान की पैदावार होती है तो किसानों की प्रशंसा होती है परंतु पराली का क्या? फिर वे (एनजीटी) जुर्माना वसूलना चाहते हैं। कहा कि हमें नहीं पता कि पंजाब का धुआं दिल्ली पहुंचता है या नहीं, पर धुआं सबसे पहले किसान व उसके गांव को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि किसानों को पराली जलाने के लिए मजबूर होना पड़ता है, इससे अंतत: वायु गुणवत्ता खराब होती है। पराली जलाने का मुद्दा किसी एक राज्य तक सीमित नहीं है, यह पूरे उत्तर भारत का मुद्दा है।

मान ने कहा कि हम पराली जलाना रोकने के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं, लेकिन केंद्र किसानों को इसके खिलाफ प्रोत्साहित करने के लिए कह रहा है। उन्होंने कहा कि प्रोत्साहन से काम नहीं चलता, व्यावहारिक कदम उठाने की जरूरत है। मान ने बताया कि राज्य सरकार ने किसानों को 1.25 लाख मशीनें दी हैं और इसके परिणामस्वरूप 75 लाख हेक्टेयर धान की फसल में से 40 लाख हेक्टेयर की पराली नहीं जलाई गई है।

पूछा, पीएम मोदी पराली का धुआं नहीं रोक सकते भगवंत मान ने कहा कि यदि पीएम मोदी यूक्रेन युद्ध रोक सकते हैं जैसा कि उन्होंने विज्ञापन में दिखाया है तो क्या वह यहां पराली का धुआं नहीं रोक सकते? उन्हें सभी राज्यों को एक साथ बैठाना चाहिए, मुआवजा देना चाहिए, विज्ञानियों को बुलाना चाहिए।

## उमर अब्दुल्ला के प्रस्ताव को एजी की मंजूरी, जम्मू-कश्मीर को ऐसे मिलेगा पूर्ण राज्य का दर्जा

**श्रीनगर । आरएनएस**



जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में सरकार का गठन हुआ है। उमर अब्दुल्ला की नवगठित सरकार ने कैबिनेट की बैठक में केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश सेपूर्ण राज्य का दर्जा देने की आग्रह काप्रस्ताव पास किया था। अब केंद्रशासित प्रदेश के कैबिनेट की ओर से पारित प्रस्ताव को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंजूरी दे दी है।

अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि गुरुवार को उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य का दर्जा उसके मूल स्वरूप में बहाल करने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया था। उपराज्यपाल ने कैबिनेट द्वारा पारित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। जम्मू-कश्मीर की कैबिनेट ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार के साथ मामला उठाने के लिए अधिकृत किया है।

बता दें कि जम्मू-कश्मीर में दस साल के बाद हुए चुनाव के दौरान उमर अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को मुद्दा बनाया था। सरकार गठन के बाद कैबिनेट में इस बाबत प्रस्ताव पारित किये गये थे। सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला शीघ्र ही दिल्ली जाएंगे और दिल्ली में प्रधानमंत्री सहित अन्य केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे और जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के प्रस्ताव पर चर्चा करेंगे। कैबिनेट की बैठक में 4 नवंबर को श्रीनगर में विधानसभा का सत्र बुलाने का भी फैसला हुआ है। एलजी से विधानसभा बुलाने का आग्रह किया गया है। कैबिनेट की बैठक में मुबारिक गुल को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करने का निर्णय किया गया है। वह 21 अक्टूबर को निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे। उपराज्यपाल ने मुबारिक गुल को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगा दी है। इसके साथ ही कैबिनेट के प्रस्ताव में उपराज्यपाल द्वारा दिये जाने वाले अभिभाषण का मसौदा भी पेश किया गया। इस मसौदे पर मंत्रिमंडल बाद में चर्चा करेगी।

दूसरी ओर, उमर अब्दुल्ला कैबिनेट की ओर से केवल जम्मू-कश्मीर को केवल राज्य के दर्जा का प्रस्ताव पारित करने के प्रस्ताव की निंदा की है। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि यह चुनाव में किये गये वादे से अलग है। बता दें कि केंद्र सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को कानून बनाकर अनुच्छेद 370-35ए हटा दिया था और राज्य का दर्जा समाप्त कर दिया था। उसके बाद जम्मू-कश्मीर राज्य से केंद्रशासित प्रदेश में बदल गया था। चुनाव के दौरान धारा 370 की फिर से बहाली की मांग भी उठी थी। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस (पीसी), पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) ने नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि पार्टी का रूख चुनाव से पहले की तुलना में पूरी तरह से अलग है।